भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3708
जिसका उत्तर मंगलवार 09 अगस्त, 2016 को दिया जाना है

सेनेगल से ठेका पाने वाली भारतीय कंपनियां

3708. श्री बी सेनगुट्टुवन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किसी भारतीय ऑटोमोबाइल विनिर्माण कम्पनी को अफ्रीकी देश सेनेगल से 82 मिलियन डॉलर का आदेश ठेका प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र को अफ्रीकी राष्ट्रों में अपने संयंत्र लगाने में एक सुविधादाता की भूमिका निभाएगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख) : जी, हां। मैसर्स अशोक लेलैण्ड ने सेनेगल से 82 मिलियन डॉलर (लगभग ₹521 करोड़) के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। इस ऑर्डर में 475 बसों, असली स्पेयरों की आपूर्ति, बेड़ा प्रबंधन पर कार्यशाला, प्रशिक्षण और परामर्शी सेवाओंके विकास में सहायता देना तथा वाहन ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण करना शामिल है।

(ग) और (घ): जब भी आवश्यक होती है, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ऑटोमोटिव उद्योग से बातचीत करती है कि अफ्रीकी देशों को ऑटोमोबाइल निर्यात को भारत और अफ्रीका में मेले/प्रदर्शनियां/सेमिनार आयोजित करके पर्याप्त समर्थन दिया जाए ताकि अफ्रीका को इस सेक्टर में निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।

*****